कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–14, अंक–9, सितम्बर 2014

**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**



KAMDHENU SS 10000

## देश भर में कामधेनु SS 10000 की धूम







भारत के निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में एक, कामधेनु इस्पात लि0 ने अपने नये और बेहतरीन उत्पाद कामधेनु **SS 10000** की देश के निर्माण सामग्री बाज़ार में शानदार उपस्थिति दर्ज कराई है। सर्वश्रेष्ठ भूकंप प्रतिरोधी गुणों वाला देश में अपनी तरह का पहला उत्पाद कामधेनु **SS 10000** अपने अनूठे डबल रिब्स, डबल मज़बूती और डबल सुरक्षा के लिये काफी पसंद किया जा रहा है।

उच्च भूकंप संभावना वाले क्षेत्रों और गगनचुंबी इमारतों, फ्लाईओवरों और हाइवे जैसी बुनियादी ढांचा क्षेत्र की बड़ी परियोजनाओं की खास जरूरतों को ध्यान में रखकर कामधेनु **SS 10000** को अत्याधुनिक तकनीक द्वारा निर्मित किया गया है। कामधेनु **SS 10000** कंक्रीट के साथ दोगुनी से भी अधिक मजबूत जोड़ बनाता है, साथ ही अपने अनूठे सैस्मिक डिजाइन की वज़ह से यह भूकंप के प्रति बेहतर प्रतिरोध मुहैया कराता है। उच्च गुणवत्ता वाले बिलेट से अंतर्राष्ट्रीय तकनीक द्वारा बनी कामधेनु **SS 10000** रासायनिक और भौतिक गुणों के मामले में दूसरे उत्पादों से कहीं आगे है।

फिलहाल कामधेनु **SS 10000** राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में 200 से ज्यादा डीलरों के मजबूत नेटवर्क के जरिये उपलब्ध है। साथ ही यह उत्पाद छत्तीसगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, उत्तर प्रदेश और गुजरात में भी उपलब्ध है, जहाँ इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। कंपनी अपने डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क का विस्तार कर रही है और जल्दी ही यह उत्पाद पूरे भारत में उपलब्ध होगा।

कामधेनु ने दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के डीलरों को प्रोत्साहित करने के लिए 2 दिनों के डीलर मीट का आयोजन आगरा में किया। आगरा के होटल **क्लॉर्क्स शिराज** में 7 और 8 सितंबर 2014 को आयोजित इस मीट में 3 राज्यों के 200 से ज्यादा डीलरों के साथ कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सचिन अग्रवाल और श्री राजीव शर्मा (सीनियर जनरल मैनेजर) सहित कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इन राज्यों के सेल्स प्रमोटर श्री मामन चंद गोयल, श्री नरेश गर्ग, श्री राजीव गर्ग, श्री राजेंदर गर्ग, श्री आनंद गोयल और श्री अमित गोयल के अलावा कम्पनी के डिस्ट्रीब्यूटर भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

उपस्थित डीलरों को उत्पाद की गुणवत्ता के बारे में बताते हुये कंपनी के डायरेक्टर श्री सचिन अग्रवाल ने कहा, ''कामधेनु **SS 10000** एक खास तरह का उत्पाद है और यह स्टील उद्योग में एक नयी और क्रान्तिकारी पहल है। डबल रिब्स वाला यह उत्पाद 10000 psi की मजबूती देता है और इसकी सबसे बड़ी खूबी है कंक्रीट पर इसकी बेहतरीन पकड़ जो कि साधारण सरियों के मुकाबले ढाई गुणा से भी अधिक है। 500D श्रेणी का यह उत्पाद भारत के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय क्वालिटी मानकों पर खड़ा उतरता है।''

कार्यक्रम के दौरान कामधेनु **SS 10000** के डीलरों के लिये लॉन्च की गई स्कीम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले डीलरों को ईनाम दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित हरियाणा के सेल्स प्रोमोटर श्री मामन चंद गोयल ने उपस्थित डीलरों के साथ अपने अनुभव बॉटते हुये कहा, ''मैं कामधेनु के साथ अपने करियर के शुरूआती दिनों से ही जुड़ा हुआ हूँ। और मुझे आज भी कामधेनु से जुड़ने के अपने फैसले पर फख्र होता है।''

तीनों राज्यों में कामधेनु **SS 10000** की सफलता के मौके पर आयोजित किये गये इस डीलर मीट में डीलरों के लिये रंगारंग कार्यक्रम हुआ जिसका सबने भरपूर आनंद लिया। विश्वप्रसिद्ध पर्यटन स्थल आगरा में डीलरों ने ताजमहल और आगरा फोर्ट की मज़ेदार सैर भी की।

# मंगलयान की ऐतिहासिक सफलता

24 सितंबर सुबह करीब आठ बजे भारतीय मंगलयान के कक्षा में स्थापित होने के साथ ही भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों को भी असीमित ऊँचाई और प्रतिष्ठा मिल गई है। इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा पूर्णतः स्वदेश में निर्मित मंगलयान कई मामलो में बेजोड़ साबित हुआ है। इस सफलता के बाद भारत दुनिया का चौथा और एशिया का पहला ऐसा देश बन चुका है जिसने मंगल ग्रह तक सफलता के साथ अपना यान भेजा है। भारत विश्व का एकमात्र देश है जिसने पहली ही कोशिश में यह उपलब्धि हासिल कर ली है। अमेरिका, रूस और यूरोपियन स्पेस एजेन्सी को यह उपलब्धि असफलताओं का स्वाद चखने के बाद मिली है, वहीं एशियाई देश जापान 2003 में तथा चीन 2011 में अपने एकमात्र प्रयास में असफल हो चुके हैं।



हमारी यह सफलता इस लिये भी खास है क्योंकि हम ऐसा सिर्फ 3 वर्ष के रिकार्ड समय में कर पाये है और हमारी लागत भी अमेरिका द्वारा बनाये गए मंगलयान से 9 गुणा कम है। 450 करोड़ रू0 की लागत से निर्मित मंगलयान 22 करोड़ 42 लाख किमी की दूरी तय करते हुये 10 महीने 20 दिनों की यात्रा करके मंगल की कक्षा में पहुँचा है। अब यह मंगल की परिक्रमा करते हुये मंगलयान वहाँ के वायुमंडल और वातावरण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर पृथ्वी पर भेज रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को नई गति



विगत दिनों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सामरिक और व्यापारिक संबंधों को नई ऊर्जा देते हुये लगातार शिखर वार्तायें की है। अत्यधिक सफल माने गये जापान दौरे में जापानी प्रधानमंत्री और वहाँ की जनता का दिल जीतने के बाद मोदी जी ने चीनी राष्ट्रपति से अहमदाबाद और दिल्ली में गर्मजोशी से मुलाकात की। इन दोनों मुलाकातों के परिणामस्वरूप जापान और चीन से क्रमशः 35 अरब डॉलर और 20 अरब डॉलर के निवेश का आश्वासन मिला है। साथ ही इन भेंटवार्ताओं के दौरान बुलेट ट्रेन एवं हाईस्पीड रेलवे ट्रैक सहित कई इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के लिये तकनीकी सहयोग के समझौते भी हुये हैं।

मोदीजी के टोक्यो दौरे से जापान और भारत के सामरिक संबंधों को भी बहुत मज़बूती मिली है, और एशिया में चीन की बढ़ती सामरिक एवं आर्थिक ताकत के संतुलन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की यात्रा के दौरान भारत ने सीमा पर चीनी सैनिकों के अतिक्रमण के मुद्दे को स्पष्टता से उठाया। इस भेंटवार्ता से यह बात उभर कर सामने आई है कि दोनों देशों के बीच जटिल भूभाग और सीमा विवाद के मुद्दों को सुलझाने के लिये शांति और सद्भाव कायम रखते हुये प्रयास करते रहने की जरूरत है।

नवरात्र के पावन मौके पर 15 साल बाद अमेरिका जा रहे मोदी के पक्ष में जिस तरह अमेरिका में वातावरण बना है उसे देखते हुये तो यही लग रहा है अपनी 5 दिन की अमेरिका यात्रा के दौरान भी मोदी जी भारत के पक्ष में आर्थिक और सामरिक लाभ के समझौते करने में सफल रहेंगे। अमेरिका यात्रा की सुबह ही ''मेक इन इंडिया'' कार्यक्रम लॉच करके प्रधानमंत्री जी ने इस दिशा में पहल भी कर दी है।

# कश्मीर में भीषण बाढ़



धरती पर स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में बाढ़ की तबाही का वो मंज़र दिखा, जिसने पूरे भारत में दुख और चिंता का महौल बना दिया। लंबे समय से कभी बाढ़ की ऐसी विभीषिका कश्मीर में सुनने को भी नहीं आई थी और इसका परिमाण यह हुआ कि राज्य प्रशासन में बाढ़ से निपटने की तैयारियों का जबरदस्त आभाव देखने को मिला। राज्य के सचिवालय, पुलिस कंट्रोल रूम, अग्नि व आपात सेवायें तथा उच्च न्यायालय में बाढ़ का पानी भरा होने से राज्य प्रशासन लाचार हो गया था। हालात इतने भयंकर थे कि राज्य सचिवालय 10 दिनों तक नहीं खुल पाया और 11वें दिन भी उसके निचले तल में पानी भरा हुआ था।

इस भीषण तबाही ने 200 से अधिक लोगों की बलि ले ली वहीं सैंकड़ो लोग पानी उतरने के बाद भी लापता हैं। बाढ़ से हालात और भी बिगड़ सकते थे, पर राहत और बचाव कार्य की जवाबदेही भारतीय सेना ने बेहतरीन ढंग से निभाते हुये दो लाख तीस हज़ार से भी अधिक बाढ़ प्रभावित लोगो को जलमग्न स्थानों से निकाल कर सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया। राज्य भर के लोग भारतीय सेना की भूरि–भूरि प्रशंसा करते दिखे। जिन ईलाकों में पहले भारतीय सेना को पसंद नहीं किया जाता था वहाँ के निवासियों के बीच भी आज हमारे जवान एक हीरो के रूप में प्रशंसा प्राप्त कर रहे हैं। भारतीय सेना के तीनों विंग ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि सिर्फ देश की सीमाओं की रक्षा करने में ही नहीं, वे आपदा–प्रबंधन में भी माहिर है। मानवीय संवेदना और उच्च कौशल से सजी भारतीय सेना सचमुच बेजोड़ है।

# बिहार में कामधेनु पेंट्स की बहार




भारत में सजावटी पेंट की बड़ी कंपनियों में शामिल, कामधेनु पेंट गुणवत्ता, भरोसे और विविधता का पर्याय बन चुका है। बिहार में कामधेनु पेंट की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुये कंपनी की ओर से 13 अगस्त 2014 को मौर्या होटल, पटना में पूरे उत्साह से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंपनी की सेल्स और मार्केटिंग टीम की ओर से राजधानी पटना में आयोजित डीलर मीट का उद्देश्य था कामधेनु पेंट उत्पादों के लिये अधिक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हुये पेंट डीलरों को प्रेरित करना। इस अवसर पर उपस्थित डीलरों को कंपनी की नई स्कीमों की जानकारी भी दी गयी।

पटना और उसके आस–पास के क्षेत्रों के पेंट डीलर इस डीलर मीट में आमंत्रित किये गये और 200 से अधिक डीलरों ने इस मीट में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। डीलर मीट में उपस्थित रहने वाले डीलरों में से कुछ प्रमुख नाम हैं– मेसर्स नवदुर्गा सीमेंट भंडार, मेसर्स कलर ट्रेड लिंकर और मेसर्स माँ लक्ष्मी स्टोर्स।

कामधेनु पेंट्स के सेल्स और मार्केटिंग डिविजन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और क्षेत्र के सेल्स अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे। श्री राजकुमार श्रीवास्तव, नेशनल मार्केटिंग हेड, श्री विजय अस्थाना, डीजीएम, सैयद मो0 क़मरूल इस्लाम, आरएसएम एवं श्री प्रशांत कुमार सिंह, डीएसएम कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।

शुरूआत में श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने कंपनी से जुडी हुई जानकारी देते हुये उपस्थित डीलरों को पेंट उत्पादों की जानकारी दी। उन्होनें बताया कि आज कंपनी इस क्षेत्र की टॉप 5 कंपनियों में आती है। बाद में श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने डीलरों के लिये बॉलीवुड स्कीम को लॉच किया। इस बारे में जानकारी देते हुये उन्होंने कहा, ''इस स्कीम के अंतर्गत आपमें से अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरों को एम्बी वैली में आयोजित खास बॉलीवुड नाइट में जाने का मौका दिया जायेगा।''

श्री विजय अस्थाना ने उपस्थित डीलरों को उनके सहयोग के लिये धन्यवाद दिया। डीलरों को प्रोत्साहित करते हुये उन्होने कहा, कि ''आप जितना अधिक मेहनत करेंगे उतनी ही अधिक सफलता मिलेगी। अगले कुछ महीने त्योहारों का समय है और इस दौरान पेंट की बाज़ार माँग में तेजी आती है। आपको इस मौके का उपयोग करते हुये अपने लक्ष्य को बढ़ाना चाहिये।'' यह कार्यक्रम बिहार के मार्केटिंग नेटवर्क को पुख्ता करने की दिशा में काफी सफल रहा।

# कामधेनु पेंट्स से रंगा कोलकाता

भारत में सबसे तेज गति से विकास कर रही सजावटी पेंट कंपनी, कामधेनु पेंट्स देश के अधिकतर राज्यों में अपनी मज़बूत पैठ बना चुका है। बेहतर फिनिश और आसान एप्लीकेशन वाले कामधेनु पेंट उत्पाद देशभर की इमारतों को दिलकश निखार दे रहे हैं। कला के क्षेत्र में अग्रणी राज्य, पश्चिम बंगाल में भी कामधेनु पेंट्स की लोकप्रियता काफी अधिक है, जिससे राज्य के डीलरों को अच्छी बाज़ार हिस्सेदारी पाने में मदद मिल रही है। कामधेनु पेंट अपने व्यापारिक सिद्धांतों के अनुसार हमेशा ही अपने डीलरों को कंपनी की तरक्की का महत्वपूर्ण साथी मानती है। समय–समय पर डीलरों के लिये लाभप्रद योजनायें लाकर कंपनी उन्हें प्रोत्साहित और प्रेरित करती रहती है।

इसी दिशा में 5 अगस्त 2014 को कामधेनु पेंट्स ने कोलकाता के लेक लैंड कंट्री क्लब, पंचवटी होलिडे रिसोर्ट में एक भव्य डीलर मीट का आयोजन किया। कोलकाता और सिलीगुड़ी क्षेत्र के डीलरों के लिये आयोजित इस डीलर मीट में 200 से अधिक डीलरों में भाग लिया। मेसर्स मदन मोहन दारिपा, बॉकूरा, मेसर्स पूजा ट्रेडर्स, गोबरदंगा, मेसर्स नागारूखा कलर हाऊस, नागारूखा, मेसर्स साईं हार्डवेयर तथा मेसर्स दास हार्डवेयर कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले प्रमुख डीलरों में शामिल थे। कंपनी की ओर से श्री राजकुमार श्रीवास्तव, नेशनल मार्केटिंग हेड, श्री विजय अस्थाना, डीजीएम, सैयद मो0 क़मरूल इस्लाम, आरएसएम सहित स्थानीय अधिकारीगण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की शुरूआत में से श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने कंपनी की संक्षिप्त जानकारी दी और फिर उन्होंने राज्य में बॉलीवुड स्कीम को लॉच किया। डीलरों के लिये जारी इस स्कीम में लक्ष्य प्राप्त करने वाले डीलरों को एम्बी वैली में आयोजित खास बॉलीवुड नाइट में जाने का मौका दिया जायेगा। बाद में श्री विजय अस्थाना ने उपस्थित डीलरों को सहयोग के लिये धन्यवाद देते हुये उन्हें बॉलीवुड स्कीम में भाग लेने के लिये प्रेरित किया।





श्री अजय गुप्ता
**मैसर्स मां लक्ष्मी स्टोर**
नजदीक रमेश चौक
औरंगाबाद, बिहार
मो. – 09931944924

श्री संजय श्रीवास्तव
**मैसर्स कलर ट्रेड लिंकर**
गुदरी बाजार
छपरा,
बिहार

श्री गौतम दरिपा
**मैसर्स मदन मोहन दरिपा**
नून गोला रोड
जिला – बांकूरा

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 26.09.2014








# कामधेनु पेंट्स के रंग सितारों के संग

भारत में सजावटी पेंट के क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में शुमार कामधेनु पेंट विभिन्न बाज़ारों में लगातार अपने पैर जमाते हुये महत्वपूर्ण बाज़ार हिस्सेदारी पाने में कामयाब रही है। कामधेनु पेंट अपने व्यावसायिक सिद्धांतों के मुताबिक अपने डीलरों को महत्वपूर्ण सहयोगियों के रुप में देखती है और उपभोक्ताओं तक पहुँच और बाज़ार में पैठ बनाने में अपने डीलरों की भूमिका की सराहना करती रही है। कामधेनु पेंट का सेल्स व मार्केटिंग डिवीजन, नियमित तौर पर डीलरों के लिये पुरस्कार और इनामी योजनायें निकालता रहता है, जिससे अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरों को प्रोत्साहन मिलता है और सभी डीलर प्रेरित होते हैं।

कंपनी ने अगस्त माह में इस साल के सबसे बड़े डीलर इंसेंटिव स्कीम को लॉंच किया है जिसके तहत दिये गये लक्ष्य को पूरा करने वाले डीलरों को 2 रात व 3 दिनों के लिये मुंबई के निकट एम्बी वैली रिसोर्ट, लोनावला में आयोजित बॉलीवुड स्टार नाइट में जाने का मौक़ा दिया जायेगा।

9 और 10 नवंबर 2014 को होने वाले इस बॉलीवुड स्टार नाइट में कई जाने–माने सितारे आ रहे हैं, जिनमें शामिल हैं– फिल्म अभिनेत्री रवीना टंडन, मिनीशा लांबा और शेफाली ज़रीवाला। प्रसिद्ध टीवी एंकर हुसैन कुवाजरेवाला और दृष्टि सहारन भी इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। बिग बॉस से प्रसिद्ध हुई क्लॉडिया के अलावा कई विदेशी मूल के डांसर इस कार्यक्रम के दौरान मनोरंजन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने वाले हैं।

कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध टैरो कार्ड कंसल्टेंट अनुभा गुप्ता भी मौजूद रहेंगी जिनसे डीलर अपने लक्ष्य की भविष्यवाणी जान पायेंगे। इसके अतिरिक्त लकी ड्रॉ के द्वारा डीलरों को मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, एसी, रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन आदि ईनाम जीतने का मौका भी दिया जायेगा।

जिन डीलरों ने 1 अगस्त से 15 सितंबर के बीच स्कीम के अंतर्गत निर्धारित मात्रा के बराबर या अधिक कामधेनु पेंट उत्पाद उठाया है और अपने बकायों का भुगतान कर दिया है, सिर्फ वे डीलर ही लोनावला के हसीन वादियों में इस यादगार लम्हों का अनुभव ले पायेंगे।




Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com